Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

संस्कृत प्रदर्शनी बाल भारती पब्लिक स्कूल गंगाराम नई दिल्ली 2024

संस्कृत प्रदर्शनी

दिनांक – 16/1**2**/2024
कार्यक्रम – संस्कृत प्रदर्शनी
स्थान – बाल भारती पब्लिक स्कूल गंगाराम नई दिल्ली
प्रतिभागिता – हंसराज आर्य, कक्षा अष्टमी एवं नवमी के छात्र**.**

ग्रन्थ प्रदर्शनी

संस्कृत प्रदर्शनी का आयोजन दिसंबर माह में बाल भारती पब्लिक स्कूल गंगाराम द्वारा किया गया। यह विद्यालय द्वारा आयोजित एक बहुत बडा कार्यक्रम था, जिसमें कई संस्कृत के विद्वानों को आमन्त्रित किया गया। वास्तव में दैनिक जीवन में संस्कृत के महत्व को प्रसारित करने के लिए विद्यालय द्वारा की गई एक उत्तम पहल थी। यह प्रदर्शनी रचनात्मकता तथा संवेदनाओं से भरी हुई थी। यहाँ अनेक प्रदर्शनियाँ देखने का अवसर मिला जो आकर्षक तथा ज्ञानवर्धक रहीं। छात्रों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिनमें – सन्सप्रन्योर, नाट्य प्रस्तुति, गीता के श्लोकों का गायन, संस्कृत गीत गायन आदि।

सभागार के बाहर ही संस्कृत भाषा से संबंधित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में संस्कृत ग्रंथों तथा पत्रिकाओं से लेकर दैनिक व्यवहार में प्रयोग होने वाले खिलौनों, वस्तुओं, वाद्ययंत्रो, वस्त्रों तथा शास्त्र आदि की सामग्रियों के साथ–साथ उनके नाम भी संस्कृत भाषा में दर्शाए गए।

संस्कृत गीत–गायन

संस्कृत प्रदर्शनी में आमन्त्रित डॉ. जीतराम भट्ट, प्रो. पुनीता शर्मा, डॉ. सुनिल जोशी, डॉ. सुशील कुमार आदि विद्वानों ने भी अपने विचार छात्रों के साथ साझा किए। सभी विद्वानों ने बताया कि आज के इस वैज्ञानिक युग में संस्कृत को सीखना कितना महत्वपूर्ण है। इसी बात को सार्थक करते हुए। जीत राम भट्ट जी ने संस्कृत के महत्व तथा संस्कृत गीतों के विषय पर प्रकाश डाला।

पुनीता शर्मा जी ने प्रदूषण शब्द तथा ऊर्जा संरक्षण से संबंधित संस्कृत भाषा के नियम का अच्छे से उल्लेख कर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। सुशील कुमार जी के अनुसार जो छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाते हैं वह केवल अपने परिश्रम के कारण ही नही अपितु अपने शिक्षकों के बलिदान के कारण ही प्राप्त कर पाते हैं। सुनील जोशी जी ने बताया कि आज के समय में केवल भारत देश ही नही अपितु पूरा विश्व ही संस्कृत भाषा को सीखने के लिए उत्साहित है। हमें अपनी संस्कृत भाषा पर गर्व होना चाहिए कि अनेक देशों में संस्कृत भाषा का अध्यापन वहाँ के विश्वविद्यालयों के द्वारा कराया जा रहा है।

आधुनिक संस्कृत काव्य प्रदर्शनी

वाद्ययन्त्र प्रदर्शनी

दैनिक–प्रयोग वस्तु प्रदर्शनी

रिपोर्ट निर्माता – क्षीरजा प्रसाद (नवमी–अ), आद्या शर्मा (नवमी–अ)